संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900, Fax: 91-0522- 2668017,2668078

पत्रांक–पी0जी0आई0 / मु0चि0अ0 / अधि0 / 4063 / 2022 दिनांक : 19-12-2022

## कार्यालय आदेश

संस्थान के विभिन्न वार्ड्स, इमरजेन्सी एवं आई0सी0यू0 आदि में भर्ती होने वाले रोगियों को संस्थान के चिकित्सकों के साथ–2 नर्सिंग, पैरा–मेडिकल स्टाफ, रोगी सहायक, सफाई कर्मी एवं अन्य कर्मियों के द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं सराहनीय है तथा उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले स्टाफ को समय–समय पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। तथापि, विगत कुछ समय से प्राप्त हो रहे अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए इस संस्थान में भर्ती होने वाले रोगियों की रोगी परिचर्या को **अपेक्षाकृत** सुगम, सहज, सुलभ, जनप्रिय तथा गुणवत्तापरक बनाए जाने हेतु निम्नवत् निर्देश प्रसारित किए जाते हैं:–

1. विभिन्न वार्डों में भर्ती होने वाले मरीजों अथवा उनके परिचर से सम्बन्धित वार्ड इन्चार्ज, सीनियर नर्सिंग आफिसर, नर्सिंग आफिसर, नर्सिंग सर्विसेज के रूप में तैनात आउटसोर्स्ड स्टाफ, रोगी सहायक, सफाई कर्मी एवं अन्य कर्मी **(1)** प्रत्येक दशा में सेवा भाव रखते हुए मानवीय रवैया अपनाएंगे, उनकी समस्याओं / जिज्ञासाओं का निराकरण करेंगे तथा उत्तर देते समय सदैव मृदु भाषा का प्रयोग करेंगे तथा किसी भी दशा में कटु शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। **(2)** जनरल / प्राईवेट / आई0सी0यू0 वार्ड, ओ0टी0 एवं इनरजेन्सी आदि में साफ–सफाई बनाये रखेगे तथा सौम्यता के साथ सहज रूप में भर्ती रोगी अथवा उनके परिचर को इस हेतु उचित मार्गदर्शन करेंगे।

2. वार्ड, ओ0टी0, आई0सी0यू0 एवं इमरजेन्सी में तैनात समस्त वार्ड इन्चार्ज 8.00 बजे (पूर्वान्ह) से 4.00 बजे (अपरान्ह) तक ड्यूटी करना सुनिश्चित करेंगे।

3. जनरल / प्राईवेट / आई0सी0यू0 वार्ड, ओ0टी0 एवं इमरजेन्सी आदि में तैनात नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ अपनी ड्यूटी से किसी भी दशा में अनुपस्थित नहीं होंगे, बिलम्ब से ड्यूटी पर नहीं आयेगे तथा निर्धारित समय के पूर्व ड्यूटी स्थल नहीं छोडेंगे। अत्यन्त अपरिहार्य परिस्थिति की दशा में सम्बन्धित वार्ड इन्चार्ज / सुपरवाईजर से लिखित रूप में पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे।

4. सम्बन्धित नर्सिंग स्टाफ चिकित्सक द्वारा नियत की गयी मात्रा के अनुरूप दवाएं (as per order sheet) रोगियों को देना सुनिश्चित करेंगे तथा ट्रीटमेन्ट चार्ट / एच0आई0एस0 में अंकित जॉच रिपोर्ट्स के अनुसार कार्यवाही करेंगे। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की भ्रान्ति होने की स्थिति में सम्बन्धित चिकित्सक से जानकारी प्राप्त कर तदनुसार कार्यवाही करेंगे।

5. वार्ड इन्चार्ज एवं सम्बन्धित नर्सिंग स्टाफ चिकित्सक द्वारा राउण्ड करते समय उनके साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे तथा चिकित्सक द्वारा दिए गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

6. सम्बन्धित नर्सिंग स्टाफ समयबद्ध रूप में निर्देशानुसार / निर्धारित समयानुसार भर्ती मरीज का बी0पी0, बुखार, इन्टेक / आउटपुट, शुगर आदि चेक करेंगे तथा यथावश्यक जॉच हेतु सैम्पुल सम्बन्धित लैब / विभाग में शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त मरीज को आक्सीजन लगाना, निम्बुलाईज करना, करवट दिलवाना, ड्रेसिंग एवं अन्य समस्त कार्य करना सुनिश्चित करेंगे तथा यदि किसी मरीज को किसी भी प्रकार का फल्यूड चढाया

जा रहा है तो उसके खत्म होने के पूर्व दूसरी चढायेगे, यदि आर्डर शीट में ऐसे निर्देश हों, अन्यथा उसे डिस्कनेक्ट कर सुरक्षित रखेगें तथा समय–2 पर विगो एवं सी0वी0पी0 का निरीक्षण एवं आवश्यकतानुसार ड्रेसिंग करेंगे।

7. समस्त स्टाफ निर्धारित वर्दी एवं पहचान–पत्र पहनना सुनिश्चित करेंगे।

8. जनरल/प्राईवेट/आई0सी0यू0 वार्ड, ओ0टी0 एवं इमरजेन्सी आदि के क्रियाकलापों को अपेक्षाकृत बेहतर बनाने तथा उक्त कार्यो को सुनिश्चित कराये जाने हेतु चीफ नर्सिंग आफिसर, नर्सिंग अधीक्षक एवं नामित इवनिंग/नाईट सुपरवाईजर (डी0एन0एस0/ए0एन0एस0) नियत वार्ड/सेन्टर/क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करेंगे, जिसमें रात्रि निरीक्षण भी सम्मिलित है तथा इस सम्बन्ध में समय–2 पर चीफ नर्सिंग आफिसर को अवगत करायेंगे। इसके अतिरिक्त अस्पताल प्रशासन में कार्यरत अन्य अधिकारी भी इन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करेंगे, जिसमें रात्रि निरीक्षण भी सम्मिलित है तथा अपनी निरीक्षण आख्या मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सा अधीक्षक को समुचित कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेंगे।

9. समस्त स्टाफ द्वारा उक्त निर्देशों एवं समय–2 पर अन्य निर्गत निर्देशों का अनुपालन प्रत्येक दशा में कडाई से सुनिश्चित किया जायेगा, विचलन की दशा में नियमानुसार उचित कार्यवाही सम्बन्धित के विरूद्ध की जायेगी।

**(प्रो0 गौरव अग्रवाल)**
**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निदेशक।
2. अपर निदेशक।
3. चिकित्सा अधीक्षक।
4. समस्त विभागाध्यक्ष।
5. विभागध्यक्ष, बी0एच0आई0 कृपया इस आदेश को संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करायें।
6. चीफ नर्सिंग आफिसर।
7. वार्ड, ओ0टी0, आई0सी0यू0 एवं इमरजेन्सी में तैनात समस्त वार्ड इन्चार्ज, सीनियर नर्सिंग आफिसर, नर्सिंग आफिसर, नर्सिंग सर्विसेज के रूप में तैनात आउटसोर्स्ड स्टाफ, रोगी सहायक, सफाई कर्मियों एवं अन्य कर्मियों को संस्थान की वेबसाईट/सूचना पट्ट के माध्यम से उक्त आदेशों के अनुपालन हेतु प्रेषित।
8. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, अ0प्रशासन।
9. प्रशासनिक अधिकारी, अ0प्रशासन। ।

**(प्रो0 गौरव अग्रवाल)**
**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**